This question paper contains 8+3 printed pages]

*Your Roll No...............*

**7951**

**LL.B./VI Term** **E**

Paper LB-6044—LAW RELATING TO ELECTIONS

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** :—इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

कोई **पाँच** प्रश्न कीजिए।

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

P.T.O.

1. Discuss the composition, powers and functions of the Election Commission of India. What is the procedure for removal of the Chief Election Commissioner and other Election Commissioners ?

भारत के निर्वाचन आयोग के संघटन, शक्तियों और प्रकार्यों का विवेचन कीजिए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों को हटाए जाने हेतु क्या प्रक्रिया है ?

2. X, a Sikh candidate, is elected to the Legislative Assembly of State of Punjab. His election is challenged by V, a voter on the ground that X's candidature was sponsored by Sri Akal Takht, which in itself amounts to an appeal in the name of religion. Moreover, *a 'hukumnama'* was also issued by the Head Priest commanding the Sikh voters to vote for X to keep the honour of the 'panth'. According to V, this is an appeal on the ground of religion and also amounts to undue influence on Sikh voters. Decide citing relevant statutory provisions and judicial precedents.

एक सिख अभ्यर्थी X पंजाब राज्य की विधान सभा के लिए निर्वाचित हुआ है। उसके निर्वाचन को एक मतदाता V द्वारा इस आधार पर आक्षेपित किया गया है कि X की अभ्यर्थिता श्री अकाल तख्त द्वारा प्रायोजित की गई थी जो अपने आप में धर्म के नाम में की गई अपील के समान है। इसके अलावा प्रधान पुजारी ने पन्थ की प्रतिष्ठा को कायम रखने के लिए सिख मतदाताओं को X के लिए मतदान करने का समादेश देते हुए एक **हुकुमनामा** भी जारी किया गया था। V के अनुसार यह धर्म के आधार पर अपील है तथा सिख मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव के समान है। सुसंगत कानूनी उपबंधों तथा न्यायिक उद्घोषणाओं का हवाला देते हुए विनिश्चय कीजिए।

3. What are the tests for deciding that an office of profit is held 'Under the Government' ? Are the following persons disqualified under Article 102(1)(*a*) or Article 191(1) (a) of the Constitution of India :

(*a*) The Comptroller and Auditor General of India.

(*b*) Auditor in a Government Company.

यह विनिश्चित करने हेतु क्या परीक्षण हैं कि 'सरकार के अधीन' लाभ का पद धारित किया गया है ? क्या भारत के संविधान के अधीन अनुच्छेद 102(1)(a) अथवा अनुच्छेद 191(1)(a) के अधीन निम्नलिखित व्यक्ति निरर्हित हैं ?

(*a*) भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक।

(*b*) सरकारी कम्पनी में लेखा-परीक्षक।

4. Critically analyse the anti-defection law in India :

(*a*) Will an independent legislator be disqualified if he joins a political party after election ?

(*b*) Will a nominated member be disqualified if he joins a political party one year after being nominated to the Rajya Sabha ?

भारत में दल-बदल विरोधी विधि का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए :

(*a*) क्या कोई स्वतंत्र विधायक निर्वाचन के पश्चात् यदि किसी राजनीतिक दल में सम्मिलित होता है तो निरर्हित हो जाएगा ?

(*b*) यदि कोई नामनिर्देशित सदस्य 'राज्य सभा' में नाम-निर्देशित होने के एक वर्ष बाद किसी राजनीतिक दल में सम्मिलित होता है तो क्या वह निरर्हित हो जाएगा ?

5. Write short notes on any *two* of the following :

(*a*) Recriminatory petition under the representation of the People Act, 1951.

(*b*) Distinction between material facts and particulars in an election petition.

(*c*) Publication of false statement in relation to the personal character or conduct of a candidate as a corrupt practice under the R.P. Act, 1951.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(*a*) जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अन्तर्गत प्रत्यारोपी याचिका।

(*b*) निर्वाचन याचिका में तात्विक तथ्यों और विशिष्टियों के बीच सुभिन्नता।

(*c*) जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अन्तर्गत भ्रष्ट आचरण के रूप में किसी अभ्यर्थी के वैयक्तिक चरित्र अथवा आचरण के सम्बन्ध में मिथ्याकथन का प्रकाशन।

6. (*a*) Discuss the Constitutional principles for delimitation of constituencies in India.

(*b*) Can the election of the President of India be challenged on the following grounds ?

(*i*) Existence of vacancies in the electoral college due to dissolution of two state assemblies.

(*ii*) The returned candidate was not a 'suitable' candidate.

(*a*) भारत में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन हेतु संवैधानिक सिद्धान्तों का विवेचन कीजिए।

(*b*) क्या भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन को निम्नलिखित आधारों पर आक्षेपित किया जा सकता है ?

(*i*) दो राज्यों की विधान सभाओं के विघटन के कारण निर्वाचक मंडल में रिक्तियों की मौजूदगी।

(*ii*) विजयी अभ्यर्थी 'उपयुक्त' अभ्यर्थी नहीं था।

7. (*a*) What are the consequences of improper rejection and improper acceptance of a nomination paper under the R.P. Act, 1951 ?

(*b*) Can a nomination paper be rejected on the following grounds :

(*i*) The candidate who wants to contest Lok Sabha elections, has a subsisting contract with the Government of Gujarat for construction of a road ?

(*ii*) The candidate had a contract with the Government for supply of certain goods. He has supplied the goods but the government has not made the payment so far.

(*a*) जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अन्तर्गत नाम-निर्देशन पत्रों के अनुचित अस्वीकरण तथा अनुचित स्वीकरण के क्या परिणाम होते हैं ?

(*b*) क्या कोई नाम निर्देशन पत्र निम्नलिखित आधार पर अस्वीकृत किया जा सकता है :

(*i*) जो अभ्यर्थी लोक सभा का निर्वाचन लड़ना चाहता है उसकी गुजरात सरकार के साथ सड़क निर्माण हेतु संविदा है जो अभी चल रही है।

(*ii*) अभ्यर्थी की सरकार के साथ कतिपय माल की आपूर्ति हेतु संविदा है। उसने माल की आपूर्ति कर दी है किन्तु सरकार ने अभी तक भुगतान नहीं किया है।

8. (*a*) Discuss the ambit of the voters' right to know the antecedents of candidates at elections in India. What are the consequences for 'furnishing of wrong information' or 'suppression of some material information' by the candidate in his nomination paper ?

(*b*) N, a sitting member of Parliament, is convicted under the Prevention of Corruption Act, 1988 and sentenced to imprisonment for 3 years by the court. Can N continue as a member ? Will N be able to contest the next elections if he is granted bail by the appellate court during the pendency of his appeal ?

(*a*) भारत में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के पूर्ववृत्त को जानने के मतदाता के अधिकार के परिक्षेत्र का विवेचन कीजिए। अभ्यर्थी द्वारा अपने नामनिर्देशन पत्र में 'गलत सूचना देने' अथवा 'कुछ तात्विक सूचना को दबाने' के क्या परिणाम होते हैं ?

(*b*) संसद के विद्यमान सदस्य N को न्यायालय द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के अन्तर्गत दोषसिद्ध किया गया है तथा तीन वर्ष के कारावास से दंडित किया गया है। क्या N सदस्य बना रह सकता है ? यदि N को अपनी अपील के लम्बित रहने के दौरान अपीलीय न्यायालय द्वारा जमानत मंजूर कर ली जाती है तो क्या वह अगला निर्वाचन लड़ने के लिए सक्षम होगा ?